(ग) प्रस्तावित विस्तार योजना से उप-रोक्त स्थानों पर कितनी अतिरिक्त क्षमता बनाने की सम्भावना है और प्रस्तावित कार्य कब तक आरम्भ हो जायेगा ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) रतलाम में बड़ी लाइन के डीजल इंजन शेड का विस्तार किया जा रहा है ताकि उसमें बड़ी लाइन के 100 इंजन खड़े किये जा सकें। रतलाम और नीमच के मीटर लाइन के भाप इंजन शेडों का विस्तार नहीं किया जा रहा है ।

(ख) रतलाम और नीमच में भाप के और डीजल शेडों की क्षमता तथा वहाँ खड़े किये गये इंजनों की संख्या इस प्रकार है :—

शेड	क्षमता	खड़े किये इंजनों की संख्या
रतलाम डीजल (बड़ी लाइन)	50	75
रतलाम भाप (बड़ी लाइन)	100	42
रतलाम भाप (मीटर लाइन) (बाहरी)	कुछ नहीं	कुछ नहीं
नीमच भाप (मीटर लाइन)	35	34

(ग) रतलाम डीजल इंजन शेड का विस्तार करने का विचार है ताकि उसमें बड़ी लाइन के 100 डीजल इंजन खड़े किये जा सकें और चालू वर्ष में यह काम शुरू कर दिया जायेगा।

मध्य रेलवे के तस्पुरा स्टेशन, मंदसौर पर सवारी गाड़ी का ठहरना

2203. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडे** : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के मंदसौर जिले के तस्पुरा रेलवे स्टेशन पर सवारी गाड़ी ठहरती है;

(ख) क्या यात्रियों को उस स्टेशन से अगले स्टेशनों के लिए टिकट नहीं मिलते यद्यपि उस स्टेशन पर आवश्यक कर्मचारियों की व्यवस्था है;

(ग) क्या उक्त स्टेशन पर यात्रियों के लिए शेड की व्यवस्था नहीं है; और

(घ) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में कब तक आवश्यक सुधार किये जाने का प्रस्ताव है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) मध्य रेलवे पर मंदसौर जिले में तस्पुरा नाम का कोई यात्री बुकिंग स्टेशन नहीं है ।

(ख) से (घ). सवाल नहीं उठता ।

खण्डवा और अजमेर के बीच 70 पाउण्ड की रेल पटरी डालना

2204. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खण्डवा और अजमेर के बीच की छोटी रेलवे लाईन को 70 पाउण्ड रेलवे लाईन में परिवर्तित कर दिया गया है ;

(ख) यदि हाँ, तो खंडवा और अजमेर के बीच रेलवे लाईन के कितने भाग को परिवर्तित कर दिया गया है और कितना भाग अभी परिवर्तित किया जाना बाकी रह गया है;

(ग) उक्त मार्ग पर 70 पाउण्ड की रेलवे लाईन डालने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस मार्ग पर यह परिवर्तन मेल रेल गाड़ियां चलाने के लिये किया गया है जिस के लिये उस क्षेत्र के लोग बार-बार मांग करते रहे हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) (क) जी नहीं।

(ख) से (ङ). सवाल नहीं उठता।

इस खण्ड में डाक गाड़ी चलाने का भी कोई प्रस्ताव नहीं है।

गोधरा से कोटा तक रेलवे लाईन

2205. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे बोर्ड को एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें गोधरा (गुजरात) से कोटा (राजस्थान) तक एक नई रेलवे लाइन का निर्माण करने की मांग की गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में पुनासा सिंचाई परियोजना

2206. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश की पुनासा सिंचाई परियोजना का इस बीच अनुमोदन कर दिया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो परियोजना पर कितनी लागत आयेगी; और

(ग) परियोजना की क्रियान्विति में कितनी प्रगति हुई है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री बैजनाथ कुरील : (क) भारत सरकार यह उचित नहीं समझती कि नर्मदा बेसिन में किन्हीं नई परियोजनाओं की स्वीकृति पर विचार किया जाए जबकि नर्मदा नदी और उसकी घाटी के बारे में जल-विवाद न्यायाधिकरण के विचाराधीन है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

बम्बई तथा अमृतसर के बीच चलने वाली अमृतसर एक्सप्रेस रेलगाड़ी

2207. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बम्बई और अमृतसर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस रेलगाड़ी अन्य एक्सप्रेस गाड़ियों की तुलना में धीमी गति होने के कारण वह लोकप्रिय नहीं है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस एक्सप्रेस रेलगाड़ी